जानो अपने इलाके में खाद की उपलब्धता

जैसे कि धान और अन्य खरीफ फ़सलों की कटाई के बाद, अब किसानों का ध्यान गेहूं और बाकी रबी की फ़सलों की तरफ़ हो गया है तो खाद जैसे कि यूरिया और डी ए पी की भी माँग बढ़ गई है। अपने इलाके में खाद उपलब्ध ना होने के कारण कई बार किसानों को खाद की ख़रीद के लिए परेशान होना पड़ता है।

लेकिन अब किसान घर बैठे अपने फोन या कंप्यूटर पर स्थानीय खाद की उपलब्धता की जानकारी ले सकते हैं, जिस से उन्हें ख़रीद करने में आसानी हो। भारत सरकार के खाद विभाग ने ई-उर्वरक ऐप और पोर्टल तैयार किए हैं जिन पर वास्तविक समय में खाद की पूरी जानकारी मिलती है।

ई-उर्वरक ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इंटरनेट द्वारा कंप्यूटर या लैपटॉप पर भी ई-उर्वरक पोर्टल पर खाद की उपलब्धता की जानकारी ली जा सकती है।

अब बात खाद की उपलब्धता की। 21 अक्तूबर तक भारत में 53.51 लाख मेट्रिक टन यूरिया, 18.82 लाख मेट्रिक टन डी ए पी, 32.55 लाख मेट्रिक टन एन पी के एस और 8.25 लाख मेट्रिक टन एम ओ पी उपलब्ध थी।

खाद की उपलब्धता की ताज़ा जानकारी ई-उर्वरक ऐप या पोर्टल पर ली जा सकती है।

e-Urvarak ऐप का विवरण

- खाद से संबंधित जानकारी के लिए वास्तविक समय में ट्रैकिंग यानी डीलर, रिटेलर और पॉइंट-ऑफ-सेल उपकरणों की उपलब्धता और चुने गए ज़िले की स्थिति

- चुने गए ज़िले की समूहवार खाद की मांग, बिक्री एवं उपलब्धता
- ज़िले के डीलरों, खुदरा विक्रेताओं की सूची, वास्तविक समय में भंडार उपलब्धता के साथ डीलर/खुदरा विक्रेता विवरण
- ऐप के ज़रिए डीलर/रिटेलर को कॉलिंग की सुविधा